रिपोर्ट

[1Pl 3/48 UP NCC COY]

आयुष्मान भारत कार्ड बनाने में एनसीसी कैडेटों द्वारा जिला प्रशासन का सहयोग

जन सामान्य के कल्याण एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं को दूर करके उन्हें बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार द्वारा आयुष्मान भारत एक महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए अर्हता के अनुरूप आयुष्मान भारत कार्ड बनवाना होता है।

जिला प्रशासन, गोंडा द्वारा शहर के भीतर इस कार्ड के तय लक्ष्य से पीछे होने के कारण श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोण्डा के योग्य एवं उत्साही छात्र छात्राओं का प्रशासन का सहयोग करने के लिए आह्वान किया गया, जिसके अन्तर्गत महाविद्यालय एनसीसी इकाई के कैडेट्स की तीन टीम ने शहर के विभिन्न मोहल्लों में जाकर, विभिन्न वार्ड के सदस्यों, राशन कोटेदारों आदि से सहयोग प्राप्त करके घर घर जाकर तथा स्थान विशेष पर लोगों को एकत्र करके आयुष्मान भारत कार्ड बनाने हेतु उनके ऑनलाइन डाटा फीडिंग का कार्य सम्पन्न किया। इस कार्य के अन्तर्गत एनसीसी कैडेटों की टीम ने लगभग 200 से अधिक शहरवासियों के आयुष्मान कार्ड बनाने में जिला प्रशासन का 03.10.2023 से 08.10.2023 सहयोग किया। एनसीसी कैडेट के रूप में सार्जेंट वारिस अली, कैडेट अतुल सिंह, विवेक सिंह, शिवेंद्र मिश्र, विशाल मिश्र, सोनू प्रसाद सोनकर, हरिओम मिश्र, सत्यम मिश्र, हरीश चौरसिया ने प्रतिभाग किया।

जय हिन्द।

डॉ. अमित कुमार शुक्ल
केयर टेकर
एन.सी.सी. उप-इकाई

दुकान खुलने का समय:-
प्रातः 08 बजे से 12 बजे तक
शाम 02 बजे से 06 बजे तक
अभिकर्ता का नाम-निरंजन लाल
मात्र गृहस्थी कार्ड संख्या
वितरण दर गेहूँ-02.00 प्रति किलोग्राम
चावल-03.00 प्रतिकिलो ग्राम
खाद्य सुरक्षा आपका अधिकार
राशन कार्ड से अपना आधार लिंक करायें।
योजना का समुचित लाभ उठायें।
टोल फ्री नं०-18001800150
अन्त्योदय कार्ड सूची
फोर्टिफाइड चावल
TAKEN BY HARISH CHAURASIYA
6 October 2023 11:02 am

पोषण अभियान के अन्तर्गत

IQAC
SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE GONDA

Principal
Shri Lal Bahadur Shastri Degree College
Gonda